दिनांक-13जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बाजार क्षेत्र में हो रही है रात्रि कालीन सफाई

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न बाजार क्षेत्रों में नियमित रूप से रात्रिकालीन सफाई कराई जा रही है जिसका जायजा स्वयं अधिकारी/कर्मचारी औचक निरीक्षण कर ले रहे हैं! बाजार वाले क्षेत्रों में दिन में आवाजाही होने के कारण सफाई कर्मचारी को सफाई कार्य करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है! इसलिए बाजार वाले क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई की जाती है तथा बाजार प्रारंभ होने के पूर्व भी प्रातः कालीन सफाई कराई जाती है! रात्रिकालीन सफाई के अलावा कचरा कलेक्शन का कार्य भी किया जाता है ताकि स्थल स्वच्छ व साफ दिखे! रात्रिकालीन सफाई में सफाई कर्मचारी झाड़ू, तगाड़ी, फावड़ा एवं कचरा कलेक्शन के लिए वाहन व सफाई से संबंधित जरूरत की सामग्री लेकर सफाई करने निकलते हैं! संबंधित वार्ड के सुपरवाइजर रात्रिकालीन सफाई की मानिटरिंग करते हैं! जहां पर भी गंदगी व कचरा दिखाई देती है वहां पर सफाई किया जाता है! बाजार लगने के पूर्व भी प्रातः कालीन सफाई की जाती है , दोनों ही पालियों में सफाई कराई जा रही है! मुख्यतः नेहरू नगर , सुपेला बाजार, दक्षिण गंगोत्री, उत्तर गंगोत्री, गोल मार्केट,सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट, अनाज रोड, लिंक रोड, सुभाष मार्केट, वार्ड 37 सी मार्केट, वार्ड 38 रविशंकरशुक्ल मार्केट आदि में सुबह व रात्रिकालीन दोनो पाली में सफाई व कचरा कलेक्शन कार्य कराया जा रहा है!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है

जनसंपर्क अधिकारी